**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर**

**कमांकः–एफ.2 (क)/नोटिस/2021–22/जी–346/**916 **दिनांक–** 01.11.2021

## कार्यमुक्ति आदेश

निदेशालय, कोष एवं लेखा द्वारा जारी स्थानान्तरण आदेश संख्या 201/2020–21 दिनांक 02.11.2020 के द्वारा श्री गणपत सिंह जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। का स्थानान्तरण कार्यालय निदेशक (जन स्वास्थ्य), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जयपुर से कार्यालय अतिरिक्त निदेशक, स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर द्वितीय में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। के रिक्त पद पर किया गया था किन्तु निदेशालय को प्राप्त सूचना के अनुसार श्री जाट द्वारा आदिनांक तक नवीन पदस्थापन कार्यालय में कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

श्री जाट को तत्काल उनके वर्तमान कार्यालय से **दिनांक** ....01.11.2021.... **मध्याह्न** ....पश्चात.... **एतद् द्वारा कार्यमुक्त किया जाता है** तथा निर्देश दिये जाते हैं कि श्री जाट नवीन पदस्थापन स्थान पर नियमानुसार कार्यग्रहण कर ईमेल–jdp1-ta-rj@nic.in/दूरभाष संख्या 0141–2744134 पर इस निदेशालय को सूचित करावें।

उक्त के अतिरिक्त श्री जाट को निर्देश दिये जाते हैं कि निदेशालय के स्थानान्तरण आदेशों एवं तत्पश्चात जारी तत्काल कार्यमुक्त होने सम्बन्धी पालना आदिनांक तक नहीं किये जाने के सम्बन्ध में **कारणों सहित अपना स्पष्टीकरण** 3 कार्यदिवसों के अन्दर निदेशालय को पत्र/ईमेल के माध्यम से प्रेषित करावें अन्यथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाही भी प्रारम्भ कर दी जायेगी, सूचित रहें।

(भूपेश माथुर)
निदेशक

**कमांकः–एफ.2 (क)/नोटिस/2021–22/जी–346/**916 **दिनांक–** 01.11.2021

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–**

1. निदेशक (जन स्वास्थ्य), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जयपुर को भेजकर लेख है कि सम्बन्धित लेखाकर्मी को नवपदस्थापन विभाग/कार्यालय में कार्यग्रहण करने हेतु तत्काल कार्यमुक्त करें।
2. अतिरिक्त निदेशक, स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर द्वितीय।
3. श्री गणपत सिंह जाट, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।, कार्यालय– निदेशक (जन स्वास्थ्य), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, जयपुर।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)